# उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***, Phone : ***0135-2665366***(O)

विज्ञप्ति संख्याः 23 / 2025 दिनांकः 02 जुलाई, 2025

## उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 02 पदों तथा एसोसिएट प्रोफेसर के रिक्त 07 पदों (बैकलॉग सहित) पर आयोजित लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजिका सम्बन्धी विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 28 जून, 2025 (शनिवार) समय प्रातः 10.00 से अपरान्ह् 01.00 बजे तथा अपरान्ह् 02.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक आयोजित उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अंतर्गत एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों की लिखित परीक्षा तथा दिनांक 29 जून 2025 (रविवार) समय प्रातः 10.00 से अपरान्ह् 01.00 बजे तथा अपरान्ह् 02.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक आयोजित उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अंतर्गत प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त पदों की लिखित परीक्षा के दोनों पालियों के प्रश्न पत्र की चारों उत्तर कुजियों (A,B,C&D) को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.ukmssb.org पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है, जो दिनांक 08 जुलाई 2025 सांय 06:00 बजे से बोर्ड की उक्त आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी पाली के किसी भी प्रश्न पत्र की चारों सीरीज के किसी उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है, तो वह ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी को उनके पंजीकरण पोर्टल (Registration Portal) पर पंजीकरण संख्या (Registration Number) तथा पासवर्ड अंकित कर लॉग–ईन करना होगा। इसके उपरान्त ऑनलाईन उत्तर कुंजी आपत्ति पोर्टल (Answer Key objection) में सर्वप्रथम पाली (Shift) का चयन कर प्रश्न पत्र सैट तथा प्रश्न संख्या चयनित कर साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। शासन के पत्र संख्या 191689 / XXVIII–1 / 2024 / E.No.–67456, दिनांक 19 फरवरी 2024 द्वारा अभ्यर्थी किसी प्रश्न के उत्तर में आपत्ति दर्ज करने हेतु शुल्क के रुप में प्रति प्रश्न रु0 50.00 ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी शुल्क जमा नहीं करते हैं तो उनकी दर्ज की गई आपत्ति पर कोई विचार–विमर्श नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी प्रश्न पत्र के किसी भी प्रश्न में आपत्ति **दिनांक 08 जुलाई 2025 रात्रि 23.59.59 तक** दर्ज कर सकते हैं। प्रश्न पत्र के उत्तर में आपत्ति मात्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जायेगी, अन्य किसी माध्यम से दर्ज आपत्ति मान्य नहीं होगी।

ह0 / –
(प्रदीप जोशी)
सचिव